दिन– शनिवार                                                    दिनांक– 11/07/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                    अवधिः– 15 मिनट

---

01. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज गयाजी में बिहार विधानसभा के सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

02. प्रदेश में आज से अस्सी वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों के लिए होम रजिस्ट्रेशन की सुविधा होगी शुरू। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हाजीपुर में करेंगे शुभारंभ।

03. वरिष्ठ न्यायाधीश सुधीर सिंह पटना उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश बनाये गये।

04. और, प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय। मौसम विभाग ने आज पश्चिमी चंपारण गोपालगंज, दरभंगा और अररिया समेत बारह जिलों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज एक दिन के बिहार दौरे पर गयाजी आ रहे हैं। इस दौरान वे बिहार लोक प्रशासन और ग्रामीण विकास संस्थान में बिहार विधानसभा सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

गया जी के बिपार्ड परसिर में विधायकों के लिए दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर सह 'प्रबोधन कार्यक्रम' आज से शुरू हो रहा है। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। शिविर का उद्देश्य नये और पुराने सभी सदस्यों को संसदीय कार्यप्रणाली और विधानसभा की नियमावलियों से परिचित कराना है। कार्यक्रमण में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने सुरक्षा और प्रोटोकॉल की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

———————————————————————

प्रदेश में आज से अस्सी वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए होम रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू हो रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी वैशाली जिले के हाजीपुर स्थित जिला निबंधन कार्यालय में आयोजित समारोह में इस सुविधा का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वे मोबाईल रजिस्ट्रेशन यूनिट की भी शुरूआत करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा मद्य निषेध उत्पाद और निबंधन मंत्री मदन सहनी भी मौजूद रहेंगे।

———साउंड बाईट———

यह सुविधा पेपरलेस होगी। यह व्यवस्था प्रदेश के सभी एक सौ पैंतालीस निबंधन कार्यालयों में लागू होगी। निबंधन के पूर्व संबंधित व्यक्तियों को अंचलाधिकारी को जमीन के संबंध में पूरी जानकारी उपलब्ध करानी होगी। इसके लिए जीआईएस तकनीक से निरीक्षण किया जायेगा। वहीं, मोबाईल रजिस्ट्रेशन यूनिट के माध्यम से जमीन, फ्लैट या प्लॉट की घर बैठे रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध होगी। इच्छुक व्यक्ति अधिक जानकारी के लिए ई–निबंधन डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन पर जा सकते हैं। इसके अलावा टोल फ्री नम्बर –एक चार पांच चार चार पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

समाचार कक्ष से मैं सविता पारीक।

———————————————————————

प्रदेश में प्रस्तावित ग्रीन फील्ड सेटेलाईट टाउनशिप के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। नगर विकास और आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने बताया कि पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सेटेलाईट टाउनशिप के लिए तीन हजार आठ एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जायेगा। श्री कुमार ने पटना, सारण, गया और मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारियों को टाउनशिप के सामाजिक प्रभाव का आकलन करने के निर्देश दिये हैं। प्रधान सचिव ने बताया कि सोनपुर में हरिहरनाथ टाउनशिप के लिए दो हजार एकड, गयाजी के मगध टाउनशिप के लिए एक हजार छह सौ उनतीस एकड़ और मुजफ्फरपुर के तिरहुत टाउनशिप के लिए एक हजार एक सौ इक्यानवे एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों का नियोजित विकास और विस्तार तथा नई आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में सेटेलाईट टाउनशिप मददगार साबित होगी।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए नीरज कुमार सिन्हा को नया उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति के निर्णय के बाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी अरूण कुमार सिंह ने उपचुनाव के लिए नीरज कुमार सिन्हा के नाम की घोषणा की। श्री सिन्हा ने उम्मीदवार बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

———साउंड बाइट———

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री सिन्हा तेरह जुलाई को नामांकन करेंगे। इससे पहले पार्टी ने अभिषेक कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया था। श्री कुमार ने नौ जुलाई को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और एनडीए के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। पटना में पार्टी प्रदेश कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पारिवारिक कारणों से उपचुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है।

———साउंड बाइट———

गौरतलब है कि भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन के इस्तीफे के कारण बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। नामांकन की अंतिम तिथि तेरह जुलाई निर्धारित है। उपचुनाव के लिए मतदान तीस जुलाई को होगा जबकि मतगणना तीन अगस्त को निर्धारित है।

---

बिहार और हरियाणा के बीच सुरक्षित और सुलभ परिवहन के लिए अंतरराज्यीय बस सेवाओं की शुरूआत की जायेगी। इस संबंध में दोनों राज्यों के बीच कल द्विपक्षीय बस परिचालन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर बिहार सरकार की ओर से राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ अहसन ने हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत दोनों राज्यों के बीच नियमित बस सेवाओं का संचालन किया जाएगा, जिससे यात्रियों को किफायती दरों पर सुरक्षित, आरामदायक और गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि हरियाणा के गुरुग्राम, अंबाला, सोनीपत, पानीपत सहित अन्य निर्धारित शहरों से बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के छह प्रमंडलों पटना, पूर्णिया, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और भागलपुर के लिए आधुनिक वातानुकूलित बसों का नियमित परिचालन किया जाएगा।

---

पटना उच्च न्यायालय के वरीय न्यायाधीश सुधीर सिंह पटना उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश बनाये गये हैं। केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। गौरतलब है कि वर्तमान मुख्य न्यायाधीश मीनाक्षी मदन राय आज सेवानिवृत्त हो रही हैं। कल उच्च न्यायालय के शताब्दी भवन में आयोजित समारोह में उन्हें औपचारिक विदाई दी गयी।

---

प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से पटना समेत कई जिलों में देर रात से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले सात दिनों तक राज्य में बारिश की परिस्थितियां बनी रहेंगी। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज जिले में अत्यधिक भारी बारिश, जबकि अररिया, किशनगंज, सुपौल, दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी और सीवान जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———साउंड बाइट———

इधर, विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के पटना, अरवल, खगड़िया, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, दरभंगा, वैशाली और मुजफ्फरपुर समेत बीस जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हवा की गति तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे रहने की सम्भावना है। वहीं, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण जिले के

मैनाटाढ़ में रिकॉर्ड एक सौ पंचानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुई है। गोपालगंज, वैशाली, पूर्णिया और मधेपुरा जिले में भी कुछ स्थानों पर भारी वर्षा रिकॉर्ड की गयी।

——————————————————————————

प्रदेश में हर महीने की दस तारीख को बिहार पेंशन दिवस के रूप में मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कल संतानवे लाख चौरासी हजार से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि भेजने के बाद यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर महीने की दस तारीख को पात्र लाभुकों के खाते में पेंशन राशि पहुंच जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हर पात्र व्यक्ति को पेंशन योजना से जोड़ने के निर्देश दिये हैं।

——————————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि प्रदेश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। श्री सिन्हा ने पटना में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही किसानों तक समय पर खाद पहुंचाने को भी कहा गया है। श्री सिन्हा ने उर्वरकों की कालाबाजारी, अवैध भण्डारण और अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। कृषि मंत्री ने किसानों से आग्रह किया है कि वे उर्वरक खरीदते समय रसीद अवश्य ले।

——————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने एकीकृत बहत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा की तिथि की घोषणा कर दी है। आयोग की ओर से जारी सूचना के अनुसार, परीक्षा छब्बीस जुलाई को राज्य के विभिन्न जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोपहर बारह बजे से दो बजे तक एक ही पाली में होगी।

——————————————————————————

बिहार की टीम हैदराबाद में खेली जा रही दो दिवसीय राष्ट्रीय जूनियर बालक रग्बी सेवन प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है। क्वार्टर फाइनल में बिहार का मुकाबला केरल से होगा। प्री क्वार्टर फाइनल में बिहार ने छत्तीसगढ़ को चौंतीस–शून्य से पराजित किया।

——————————————————————————

और अब जिलों से प्राप्त अन्य समाचार....

भोजपुर जिले के अगिआंव थाना क्षेत्र अंतर्गत आहर के पास छापेमारी कर पुलिस ने सामुदायिक सेवा केंद्र को लूटने की योजना बना रहे अपराधी गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराधियों की तरफ से

फायरिंग होने पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। मौके से फरार अपराधियों की तलाश की जा रही है।

———————————————————————

मधुबनी पुलिस ने बेनीपट्टी थाना के डायल—एक सौ बारह टीम के जवानों पर जानलेवा हमला करने के मामले में अभियुक्त मोहम्मद अब्दुल्ला को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है।

———————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार के दौरान छियानवे मामलों की सुनवाई की। कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी अखबारों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है— पेंशन योजना के पात्र व्यक्तियों को जोडने का अभियान चलेगा।

दैनिक जागरण ने लिखा है — केंद्र ने ई—ट्वेंटी की लागत अधिक बताकर कीमत भी नहीं घटाने का दिया संकेत। सरकार का स्पष्ट संदेश, शुद्व पेट्रोल या ई—टेन लौटना अब संभव नहीं।

दैनिक भास्कर ने बांकीपुर उपचुनाव पर लिखा है— भाजपा ने 72 घंटे में प्रत्याशी बदला, नीरज कुमार सोमवार को करेंगे नामांकन

प्रभात खबर लिखता है— राहत— बीपी, शुगर, कैंसर समेत उनतालीस नयी दवाओं की कीमत तय।

आज अखबार की सुर्खी है— पंद्रह अगस्त के बाद जिलों का दौरा करेंगे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज गयाजी में बिहार विधानसभा के सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

02. प्रदेश में आज से अस्सी वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों के लिए होम रजिस्ट्रेशन की सुविधा होगी शुरू। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हाजीपुर में करेंगे शुभारंभ।

03. वरिष्ठ न्यायाधीश सुधीर सिंह पटना उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश बनाये गये।

04. और, प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय। मौसम विभाग ने आज पश्चिमी चंपारण गोपालगंज, दरभंगा और अररिया समेत बारह जिलों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।